# कार्यालय वन मण्डल अधिकारी कांकेर (सामान्य) वन मण्डल कांकेर

Phone 07868-222006 , Fax-07868-222171 , 222173 E-mail dfoknk@rediffmail.com

क्रमांक/स्थापना/2024/ 405 कांकेर, दिनांक...14../02/2024

प्रति,

उप वन संरक्षक,
वन प्रबंधन सूचना प्रणाली,
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

विषय :— वनरक्षक के पद पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन प्रकाशित करने बाबत् ।

संदर्भ :— 01. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशा.अराज.) छ.ग.रायपुर का पत्र क्रमांक/प्रशा.अराज.1/428—2/2023/10978 दिनांक 18.10.2023

02. मुख्य वन संरक्षक, कांकेर वृत्त कांकेर का पत्र क्रमांक/स्था./व.र.(खेल कोटा भर्ती/1113 दिनांक 12.02.2024

——:000:——

विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र क्रमांक 01 में दिये निर्देशानुसार कांकेर वृत्त अंतर्गत वनरक्षक (खेल कोटा) हेतु खेल विधा — कबड्डी के लिये आबंटित 06 पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन प्रकाशित कराया जा रहा है । जिसकी छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित है।

कृपया वनरक्षक (खेल कोटा) हेतु खेल विधा — कबड्डी से संबंधित विज्ञापन प्रारूप विभागीय वेबसाईट में अपलोड करने की कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्न :— उपरोक्तानुसार।

वनमण्डलाधिकारी,
एवं नोडल अधिकारी
कांकेर वनमण्डल कांकेर

पृ.क्रमांक/स्थापना/2024/ 406 कांकेर, दिनांक...14../02/2024

प्रतिलिपि :—

01. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, (प्रशा.राज./सम.) छ.ग. रायपुर की ओर संदर्भित पत्र के तारतम्य में सूचनार्थ सम्प्रेषित।

02. मुख्य वन संरक्षक, कांकेर वृत्त कांकेर की ओर संदर्भित पत्र के तारतम्य में सूचनार्थ सम्प्रेषित।

वनमण्डलाधिकारी,
कांकेर वनमण्डल कांकेर



छत्तीसगढ़ रोजगार समाचार
CamScanner

# कार्यालय वन मण्डल अधिकारी कांकेर वन मण्डल, कांकेर

Phone-07868-222006(O), 222173(Fax), 222171(Fax), E-mail:dfo-kanker.cg@gov.in

## वनरक्षक (खेल कोटा) के पद पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन

छत्तीसगढ़ राज्य वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के कांकेर वृत्त अंतर्गत खिलाडी कोटे के अंतर्गत वनरक्षक (खेल कोटा) के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती से नियुक्ति राष्ट्रीय स्तर के खेलों में प्रावीण्यता प्राप्त उम्मीदवारों से किया जाना है। इच्छुक उम्मीदवारों से दिनांक 17.02.2024 से 12.03.2024 तक सांय 05.00 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में कॉलम 05 में अधोहस्ताक्षरकर्ता के पते पर पंजीकृत डाक (पावती सहित)/स्पीड पोस्ट से ही भेजें जाए। कार्यालय में सीधे आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जाएगे। ये पद राज्य स्तर के है तथा इन पदों पर नियुक्ति/चयन की कार्यवाही गठित समिति की अनुशंसा पर संबंधित जिला/वनमंडल के सक्षम प्राधिकारी द्वारा की जावेगी, चूंकि यह भर्ती खिलाडी कोटे के अंतर्गत सम्पन्न की जा रही है। अतः खेल विद्या – कबड्डी के अभ्यर्थियों के साथ खुली स्पर्धा में परीक्षण प्रतियोगिता खेल विशेषज्ञों के निर्देशन में कराई जायेगी तथा उन्ही विशेषज्ञों की अनुशंसा पर चयन क्रम निर्धारण किया जाएगा।

भर्ती नियमों में प्रावधानानुसार निर्धारित न्यूनतम शैक्षाणिक अर्हता प्रमाण–पत्र, पैदल चाल परीक्षण एवं शारीरिक नापजोख में निर्धारित मापदण्ड को पूर्ण किया जाना अनिवार्य होगा।

### रिक्त पदों की जानकारी

| पदनाम | अनारक्षित | | योग | कार्यालय जहां आवेदन पत्र प्रेषित किया जाना है (नोडल) |
|---|---|---|---|---|
| | पुरूष | महिला | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| वनरक्षक (खेल विद्या – कबड्डी) | 03 | 03 | 06 | वनमंडलाधिकारी कांकेर वनमंडल कांकेर |

1. पदों की संख्या में वर्गवार कमी या वृद्वि हो सकती है। चयन/नियुक्ति के समय वास्तविक रिक्तियों के विरूद्व चयन/नियुक्ति की कार्यवाही की जायेगी तथा भर्ती प्रक्रिया अनुसार 25 प्रतिशत पदों की प्रतीक्षा सूची में चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति की कार्यवाही की जायेगी।
2. छ.ग.तृतीय श्रेणी (अलिपिक वर्गीय) वन सेवा भर्ती नियम, 2012 में निर्धारित न्यूनतम शैक्षाणिक अहर्ता पूर्ण करना होगा।
3. छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर के पत्र क्र. /एफ 1–53/2003/10–1/वन, नवा रायपुर दिनांक 06.07.2020 के अनुसार वनरक्षकों की सीधी भर्ती हेतु निर्धारित प्रक्रिया के अधीन, भर्ती की जावेगी।



CamScanner

## —:: शैक्षाणिक, तकनीकी अर्हताओं तथा वेतनमान का विवरण ::—

(1) वेतनमान बैंड — (19500—62000) लेवल — 4

छ.ग.शासन वित्त विभाग के वित्त निर्देश 33/2023 के निर्देशानुसार चयनित वनरक्षकों को 03 वर्ष की परीविक्षा अवधि में नियुक्त किया जावेगा।

(2) शैक्षाणिक अर्हताऍं :—

मान्यता प्राप्त मण्डल से हायर सेकेण्डरी परीक्षा (10+2) उत्तीर्ण।

(3) शारीरिक अर्हताऍं :—

(क) वनरक्षक (खेल कोटा) के पद पर सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी को चयन समिति द्वारा यथा विहित प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। पुरूष अभ्यर्थी के मामले में चार घंटे में 25 कि.मी. की दूरी पैदल पूर्ण करनी होगी एवं महिला अभ्यर्थी के मामले में चार घंटे में 14 कि.मी. की दूरी पैदल पूर्ण करनी होगी। उसे विहित चिकित्सीय और शारीरिक उपयुक्तता (फिटनेस) परीक्षा भी उत्तीर्ण करनी होगी:—

(ख) वनरक्षक (खेल कोटा) पद के लिये न्यूनतम शारीरिक प्रमाप (स्टेण्डर्ड) निम्नानुसार होगा —

| शारीरिक प्रमाप | पुरूष अभ्यर्थी | महिला अभ्यर्थी |
|---|---|---|
| ऊंचाई<br>अनुसूचित जनजाति हेतु<br>अन्य | <br>152 से.मी.<br>163 से.मी. | <br>145 से.मी.<br>150 से.मी. |
| सीना सामान्य (समस्त वर्ग) | 79 से.मी. (न्यूनतम) | |
| सीने का फुलाव (समस्त वर्ग) | 05 से.मी. (न्यूनतम) | |

(छ.ग. के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सीने के फुलाने संबंधित शर्तों को शिथिल किया जावेगा।)

नियम एवं शर्ते :—

1. **आयु सीमा :—**

   01.01.2024 की तिथि में 18 वर्ष से कम तथा 40 वर्ष से अधिक न हो। तथा अ.ज.जा./अ.जा./अ.पि.व. का हो तो उच्चतर आयु सीमा में अधिकतम 05 वर्ष तक की छूट दी जायेगी। आयु हेतु एक या एक से अधिक संवर्ग के अंतर्गत आयु में छूट दिये जाने के उपरांत, शासकीय सेवा हेतु पात्र होने के लिये अधिकतम आयु किसी भी दशा में 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी। आयु के संबंध में हाई स्कूल या समकक्ष का प्रमाण—पत्र/अंकसूची की सत्यापित प्रति जिसमें जन्मतिथि अंकित हो, संलग्न करना होगा।

2. **चयन परीक्षा :—**

   आवेदन पत्रों की जांच पश्चात् शासन द्वारा निर्धारित संलग्न अनुसार चयन प्रक्रिया से गुजरना होगा। अर्ह अभ्यर्थियों को आवश्यकतानुसार प्रतियोगी परीक्षा/शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए बुलाया जावेगा, जिसके



CamScanner

लिए निर्धारित तिथि की सूचना पृथक से प्रेषित की जावेगी एवं विभागीय वेबसाईट www.cgforest.com पर अपलोड की जावेगी। इस हेतु यात्रा भत्ता की पात्रता नहीं होगी।

3. **निवासी :—**

उम्मीदवार को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है।

4. अपूर्ण, अस्पष्ट, त्रुटिपूर्ण एवं निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों को अस्वीकार कर दिया जावेगा एवं इस संबंध में उम्मीदवारों को कोई सूचना नहीं दी जावेगी।
5. आवेदन पत्र के लिफाफे में आवेदित पद का नाम एवं वर्ग स्पष्ट अक्षरों में लिखना अनिवार्य है। आवेदन पत्र के साथ स्वंय का पता लिखा हुआ लिफाफा, जिस पर 5.00 रूपये का पोस्टल टिकट चस्पा हो, संलग्न करें।
6. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक का उल्लेख करना तथा प्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। यह शर्त अनुसूचित जाति, जनजाति के उम्मीदवारों के लिये लागू नहीं होगा।
7. कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिए नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, इस सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।
8. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थानों में कार्यरत् कर्मचारियों को अपना आवेदन पत्र नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण—पत्र सहित प्रस्तुत करना अनिवार्य है अन्यथा आवेदन पत्र विचारणीय नही होगा।
9. आवेदन पत्र के साथ संलग्न सभी प्रमाण—पत्र स्व — प्रमाणित कर संलग्न किये जावें।
10. वनरक्षक (खेल कोटा) भर्ती प्रक्रिया में बोनस अंक देने का प्रावधान नहीं है।
11. यह नियुक्ति माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के एस.एल.पी.(सी.) क्रमांक/19668/2022 के आदेशों के अध्याधीन होगी।
12. रिक्त पद निर्धारित अर्हता तथा अन्य संबंधित जानकारी वन विभाग के विभागीय वेबसाईट www.cgforest.com पर उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि इसका अध्ययन कर ही आवेदन पत्र भरें एवं भर्ती संबंधित अद्यतन जानकारी हेतु विभागीय वेबसाईट www.cgforest.com का अवलोकन करते रहें।

**वनमंडलाधिकारी**
**एवं नोडल अधिकारी**
**कांकेर वन मण्डल, कांकेर**



CamScanner

# आवेदन पत्र का प्रारूप

राजपत्रित अधिकारी से सत्यापित एक पासपोर्ट साईज फोटो चस्पा करें एवं दूसरी फोटो आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें।

प्रति,

वनमंडलाधिकारी
कांकेर वनमंडल, कांकेर
पिन कोड (494334)

पद जिसके लिए आवेदन किया जा रहा है :– वनरक्षक (खेलकोटा)

1. आवेदक का नाम : श्री/श्रीमती/कु.........................................
2. लिंग (महिला/पुरूष) : .........................................
3. पिता/पति का नाम : श्री.........................................
4. जन्म तिथि (अंको में) : .........................................
   (शब्दो में) : .........................................
5. दिनांक 01.01.2024 की तिथि में आयु : वर्ष.................... माह....................
6. जाति वर्ग (अना./अ.जा/अ.ज.जा/अन्य पिछड़ा वर्ग) : .........................................
7. स्थाई पता : .........................................
   : .........................................
   मोबाईल नंबर .........................................
8. पत्र व्यवहार का वर्तमान पता एवं मोबाईल नम्बर : .........................................
   : .........................................
9. क्या आप छत्तीसगढ़ के मूल निवासी है ? (हां/नहीं) : .........................................
   प्रमाण–पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें
10. यदि आप विवाहित है तो विवाह की तिथि : .........................................
11. जीवित बच्चों की संख्या एवं उनकी जन्मतिथियाँ : (i).................... (ii)....................
    : (iii).................... (iv)....................
12. रोजगार कार्यालय का नाम : .........................................
    पंजीयन क्रमांक/दिनांक : .........................................
13. शैक्षणिक योग्यता का विवरण :–

| क्र. | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | बोर्ड/वि.वि./संस्था का नाम | कुल प्राप्तांक | कुल अंक | श्रेणी | प्राप्तांकों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |

(प्रमाण – पत्र एवं अंकसूची की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

14. शारीरिक मापदण्ड :–

| शारीरिक प्रमाप | |
|---|---|
| ऊँचाई | ............ से.मी. |
| सीना (बिना फुलाए) | ............ से.मी. |
| सीने का फुलाव | ............ से.मी. |

CamScanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 15. | वर्तमान तथा पूर्व शासकीय सेवा का विवरण (यदि हो) | : | ........................ |
| | अ. नियोक्ता कार्यालय का नाम | : | ........................ |
| | ब. धारित पद का नाम एवं वेतनमान/मूल वेतन | : | ........................ |
| | स. कार्य अवधि (कब से कार्यरत हैं) | : | ........................ |
| 16. | (i) क्या अभ्यर्थी के विरूद्ध दाण्डिक प्रकरण किसी पुलिस थाना/न्यायालय में लंबित है अथवा न्यायालय से निराकृत हो चुका है ? | : | (हाँ/नहीं) |
| | (ii) यदि उत्तर हाँ है तो संबंधित अधिनियम एवं धारा सहित प्रकरण क्रमांक तथा निर्णय आदि की जानकारी का स्पष्ट रूप से उल्लेख करें। | : | ........................ |
| 17. | आवेदित खेल विधा का नाम | : | ........................ |
| 18. | खेल का नाम जिसमें प्रवीण्यता प्राप्त किया गया है। | : | ........................ |
| 19. | राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता एवं वर्ष अंकित करें | : | ........................ |

**आवेदक के हस्ताक्षर**
**(आवेदक का नाम)**

## घोषणा पत्र

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मैंने विज्ञापित पद की पात्रता संबंधी सभी शर्तों को पढ़ लिया है। इस आवेदन पत्र में प्रस्तुत समस्त जानकारी पूर्णतः सत्य एवं सही है। कोई भी जानकारी असत्य होने की दशा में मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकेगा एवं किसी भी समय मेरी नियुक्ति, बिना पूर्व सूचना के समाप्त की जा सकेगी।

दिनांक : ........................

स्थान : ........................

**आवेदक के हस्ताक्षर**
**(आवेदक का नाम)**

संलग्न सहपत्रों का विवरण (संलग्न किए गए सहपत्र पर सही का निशान लगावें) – सत्यापित प्रति संलग्न करें।

1. छ.ग. मूल निवासी का प्रमाण – पत्र ☐
2. रोजगार कार्यालय के पंजीयन प्रमाण – पत्र ☐
3. वनरक्षक के लिये निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण – पत्र एवं हायर सेकेण्ड्री (10+2) की अंक सूची की प्रति ☐
4. मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में प्राप्त प्रमाण – पत्र/प्रावीण्यता पत्र ☐

—00—

CS CamScanner